RNI No. CHHHIN/2009/35020



नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी



◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 201 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 2 ₹ ◆ पृष्ठ : 4

पेज -3 पर कला जत्था एवं नाचा दलों की मोहक प्रस्तुतियों के जरिए जन-जन ...

धरमजयगढ़, मंगलवार 31 मई 2022

बेमेतरा में त्रि-दिवसीय महायज्ञ बरसाईत चौका आरती का आयोजन पेज -4 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## एक नजर

### कांग्रेस नेता की बेटी ने हासिल की 45वीं रैंक, IAS-IPS के बेटे भी पीछे नहीं



**रायपुर ।** को यूपीएससी 2021 के परिणाम घोषित कर दिए गए। रायपुर की श्रद्धा शुक्ला ने इस परीक्षा में क्वालीफाई किया है। ऑल इंडिया 45 रैंक के साथ श्रद्धा अब IAS अफसर बन सकती हैं। श्रद्धा छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेता सुशील आनंद शुक्ला की बेटी है। सुशील आनंद शुक्ला छत्तीसगढ़ कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष हैं। परिणाम जारी होने के बाद राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी श्रद्धा शुक्ला को बधाई दी है। यूपीएससी के इस एग्जाम में कामयाबी हासिल करने वाले रायपुर के कुछ और भी युवा हैं, जिनमें आईएएस और आईपीएस के बच्चे शामिल हैं। आईएएस रेणु पिल्ले के बेटे अक्षय पिल्ले ने भी इस एग्जाम में सफलता हासिल की है। रायपुर के अभिषेक अग्रवाल को भी इस एग्जाम में कामयाबी मिली है।

## राज्यसभा के लिए बाहरी नाम पर तकरार

# भाजपा-जकांछ ने बताया छत्तीसगढ़ियों का अपमान, कांग्रेस अध्यक्ष बोले- पार्टी ने बहुत दिया, अब त्याग की बारी

रायपुर। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ से राज्यसभा की दो सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। उत्तर प्रदेश के राजीव शुक्ला और बिहार की रंजीत रंजन को टिकट देने के फैसले से विपक्ष भड़क गया है।

### विपक्ष को मिला मुद्दा




भारतीय जनता पार्टी और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जोगी) ने दोनों को बाहरी बताते हुए छत्तीसगढ़ियों का अपमान बताया है। कांग्रेस ने कहा है कि लोक सभा और राज्य सभा में राष्ट्रीय हित महत्वपूर्ण होते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा, पार्टी ने बहुत कुछ दिया है, अब पार्टी के लिए त्याग का समय है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा, मुख्यमंत्री बताएं आखिर क्या वजह है कि उन्हें कृषि विश्वविद्यालय में तो छत्तीसगढ़िया कुलपति चाहिए होता है लेकिन छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ का राज्यसभा सांसद नहीं चाहिए होता। पिछली बार केटीएस तुलसी को वरिष्ठ नेता मोतीलाल वोरा की जगह राज्यसभा भेज दिया गया। इस बार भी भाजपा ने लगातार कहा कि छत्तीसगढ़ से राज्यसभा में यहां के लोगों को ही भेजना चाहिए तब कांग्रेस कह रही थी कि भाजपा को इस बारे में बोलने का कोई अधिकार नहीं है। साय ने कहा, छत्तीसगढ़ के किसी भी मामले में भारतीय जनता पार्टी और छत्तीसगढ़ का एक-एक नागरिक बोलने का पूरा अधिकार रखता है।

### अमित जोगी बोले, वोट न करें कांग्रेस विधायक

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जोगी) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने कहा, छत्तीसगढ़ की दोनों राज्यसभा सीटों पर बाहरी प्रत्याशियों को थोपना कांग्रेस की दूषित सोच का परिणाम है। कांग्रेस आलाकमान ने छत्तीसगढ़ के योग्य कांग्रेसी नेताओं को मौका न देकर उन्हें नीचा दिखाया है और छत्तीसगढ़ का अपमान किया है। अमित जोगी ने कांग्रेस विधायकों से कहा है कि छत्तीसगढ़ के सम्मान के लिए वे 10 जून को दोनों प्रत्याशियों के लिए मतदान ही न करें।

### कांग्रेस ने भाजपा से पूछा, मोदी बनारस से क्यों लड़े थे चुनाव

कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, लोक सभा और राज्य सभा क्षेत्र और राज्य की सीमा से बाहर हैं। अगर ऐसा नहीं है तो नरेंद्र मोदी गुजरात से जाकर बनारस में क्यों चुनाव लड़े भाजपा को इसका जवाब देना चाहिए। लोकसभा और राज्यसभा में अपनी राजनीतिक परिस्थितियों के हिसाब से पार्टियां निर्णय करती हैं। इसमें अनावश्यक बयानबाजी भाजपा की ओछी मानसिकता है। इनके राज्यसभा में चयन से न सिर्फ छत्तीसगढ़ बल्कि देश की प्रबुद्ध आवाज राज्यसभा में गूंजेगी। हम सभी कांग्रेसजन इससे प्रसन्नचित हैं। जहां तक भाजपा के बयानों का सवाल है तो उन्हें आत्मअवलोकन करना चाहिए। छत्तीसगढ़ में राज्यसभा के दो-दो सदस्यों का चुनाव होने जा रहा है

### मरकाम बोले, सभी को स्वीकार है हाईकमान का फैसला

इधर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा, सभी लोग कांग्रेस पार्टी के निर्णय को स्वीकार करते हैं। हमारे नेता जानते हैं कि केंद्र में कांग्रेस को कैसे मजबूत करना है। इसकी तैयारी चल रही है। हाईकमान ने सोच-समझकर की प्रत्याशियों के नाम पर मुहर लगाई है। आने वाले दिनों में केंद्र में कांग्रेस को कैसे सक्रिय किया जाए उसकी जिम्मेदारी दी गई है। मरकाम ने भाजपा के आरोपों पर कहा, भाजपा के पास तो प्रत्याशी खड़ा करने लायक भी विधायक नहीं बचे हैं। ये लोग केवल बयानबाजी करना जानते हैं, क्योंकि इनके खाने के दांत और दिखाने के दांत और होते हैं।

## फूड इंस्पेक्टर ने किया सुसाइड



**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही(GPM) जिले में पदस्थ महिला फूड इंस्पेक्टर ने खुदकुशी कर ली है। उन्होंने अपने ही घर में जहर खा लिया। कुछ देर बाद ही उनकी मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले में जांच शुरू की है। मामला गौरेला थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, फूड इंस्पेक्टर चित्रा गौतम(45) लंबे समय से यहां पदस्थ हैं। वो यहां गौरेला थाना के सामने बने जमुना अपार्टमेंट में रहती थीं। उनका एक 16 साल का बेटा भी है। चित्रा के पति काम के चलते बाहर रहते हैं। बताया जा रहा है कि सोमवार दोपहर यह घटना घटी है।

घटना के वक्त चित्र अपने कमरे में अकेली थीं। उनका बेटा दूसरे कमरे में था। कुछ देर बाद जब वह दूसरे कमरे में गया तब उसने देखा कि चित्रा के मुंह से फेन निकल रहा था। वह जमीन पर पड़ी थीं। इसके बाद उसने आस-पास के लोगों को जानकारी दी। फिर आस-पास के लोग और उनका बेटा उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## अमीर अली फरिश्ता के श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए बृजमोहन अग्रवाल



**रायपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी स्व. अमीर अली फरिश्ता के श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए बृजमोहन अग्रवाल और उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। स्व. श्री फरिश्ता जी एक सुलझे हुए राजनेता ही नहीं अपितु एक अच्छे, सरल, सीधे, ईमानदार समाजसेवी थे व हमेशा लोगों के सहयोग के लिए तत्पर रहते थे। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।



## शासकीय विभागों के जर्जर भवनों और खाली जमीनों का किया जाएगा व्यवस्थित विकास



**रायपुर।** लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू की अध्यक्षता में आज यहां उनके सिविल लाइन स्थित निवास कार्यालय में राज्य स्तरीय परियोजना समिति की बैठक हुई। बैठक में परियोजना समिति के सदस्य वन एवं परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया शामिल हुए। बैठक में राज्य शासन द्वारा जारी रिडेव्हलपमेंट पॉलिसी के तहत प्रदेश में विभिन्न विभागों, निगम-मंडलों, कंपनी और बोर्ड के अधीन जर्जर शासकीय भवनों तथा खाली पड़े जमीनों के व्यवस्थित विकास एवं सदुपयोग के संबंध में विस्तारपुर्वक चर्चा की गई। चर्चा के दौरान मंत्रियों ने कहा कि प्रदेश के चिन्हांकित जमीनों तथा जर्जर भवनों का रिडेव्हलपमेंट एवं सुव्यवस्थित विकास के दौरान पुराने पेड़ों और ऐतिहासिक धरोहरों, भवनों को संरक्षित कर विकास किया जाए।

## जशपुर के साप्ताहिक बाजार में गिरी बिजली, 3 की मौत

### मृतकों में 12 साल की बच्ची भी शामिल; 20 लोग झुलसे, 7 की हालत गंभीर



**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर में साप्ताहिक बाजार में आकाशीय बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 12 साल की एक बच्ची भी शामिल है। 20 से ज्यादा लोग झुलस गए हैं। इनमें से 9 लोगों को शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती किया गया है। 2 बच्चियों सहित 7 की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें अंबिकापुर रेफर किया गया है। वहीं मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपए आर्थिक सहायता देने के लिए कहा है। जानकारी के मुताबिक, सुलेसा के नजदीक ग्राम बुरजूडीह में रविवार को साप्ताहिक बाजार लगा था। शाम होते ही आसमान में घने बादल छाए हुए थे। इसके बाद तेज हवाएं चलने लगी और थोड़ी देर बाद बारिश शुरू हो गई। इससे बचने के लिए ग्रामीण इधर-उधर आश्रय लेने लगे। वहीं कुछ ग्रामीण पेड़ के नीचे लगी एक दुकान के तिरपाल के नीचे आकर खड़े हो गए। इसी बीच आकाशीय बिजली जोरदार आवाज के वहां गिर पड़ी।

## अस्पतालों में ऐसी व्यवस्था बनाएं कि मरीजों को ज्यादा से ज्यादा दवाईयां निःशुल्क मिले - टी.एस. सिंहदेव



**रायपुर।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने आज विभागीय कार्यों की समीक्षा की। महासमुंद जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने महासमुंद मेडिकल कॉलेज और स्वास्थ्य विभाग के कार्यों के साथ ही पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में मेडिकल कॉलेज को दवाईयों के लिए सीजीएमएससी को इंडेंट देने के निर्देश दिए। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों को जेनेरिक दवाईयां ही प्रिस्क्राइब करने कहा ताकि लोगों को सस्ते दरों पर इलाज मुहैया हो सके। बैठक में वन विकास निगम के अध्यक्ष एवं बसना विधायक श्री देवेन्द्र बहादुर सिंह, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री प्रसन्ना आर., स्वास्थ्य विभाग के आयुक्त डॉ. सी.आर. प्रसन्ना और महासमुंद मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. यास्मिन खान भी उपस्थित थीं।

## एक परिवार के 3 लोगों की मौत:बोलेरो की टक्कर से बाइक जलकर खाक

### छठी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे, मृतकों में महिला व युवती भी



धमतरी में हादसा

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी में रविवार देर शाम तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में महिला, उसका भांजा और भतीजी शामिल हैं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक भी जलकर खाक हो गई। जबकि बाइक सवार उछलकर दूर जा गिरे। हादसे में बोलेरो भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर सड़क किनारे पलट गई। पुलिस ने इस बोलेरो चालक के खिलाफ स्न्हृक्र दर्ज की है। हादसा मेचका थाना क्षेत्र में हुआ है। जानकारी के मुताबिक, नरहरपुर के ग्राम घोटियावाही निवासी राधा बाई मरकाम (58) अपनी बहन के बेटे राजेश मरकाम (24) और देवर की बेटी नेहा मरकाम (21) के साथ रविवार शाम करीब 5.15 बजे बाइक पर गरियाबंद के शोभा गांव जा रहे थे।

## हत्या की कोशिश में फरार आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**भिलाई।** । दुर्ग पुलिस ने दो माह पुराने एक मामले में कांग्रेस नेता के बेटे को गिरफ्तार किया है. फरारी काट रहे आरोपी को पुलिस ने बेमेतरा से गिरफ्तार किया है. आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 307, 147, 148, 149 के तहत कार्रवाई की है। भिलाई नगर थाना प्रभारी राजेश साहू ने बताया कि 5 मार्च को हिमांशु के खिलाफ सेक्टर 01 सड़क 17 क्वाटर 03 बी निवासी मानस पांडेय ने शिकायत दर्ज कराई थी कि घटना की रात 8.30 बजे सेक्टर-6 चर्च के पीछे आरोपी हरीश यादव, हिमांशु बंजारे, के. अमन मूर्ति ने हत्या करने की नियत से रिशु गुप्ता पर धारदार हथियार से प्राणघातक हमला कर फरार हो गए थे. घटना के बाद से आरोपी हिमांशु फरार था। भिलाई नगर पुलिस ने पूर्व में जगह-जगह दबिश देकर उसकी जानकारी जुटाई, लेकिन नहीं मिल रही थी. आखिरकार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर बेमेतरा से उसे गिरफ्तार किया. आरोपी को पकड़ने के लिए सायबर सेल की टीम की भी मदद ली गई. पुलिस पूछताछ में आरोपी हिमांशु से पूछताछ करने पर घटना को करना स्वीकार किया. आरोपी का पिता हेमंत बंजारे पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष रह चुका है।

## राजनीति... कांग्रेस ने राष्ट्रीय समीकरणों को साधा, स्थानीय नेताओं को मौका नहीं

# राजीव शुक्ला और रंजीत रंजन को छत्तीसगढ़ से टिकट

रायपुर। कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। पार्टी की ओर से पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव शुक्ला और लोकसभा की पूर्व सांसद रंजीत रंजन को छत्तीसगढ़ से प्रत्याशी बनाया गया है।



जोहार छत्तीसगढ़ विशेष

राजीव उत्तर प्रदेश से आते हैं, वहीं रंजीत रंजन का संबंध बिहार से है। कांग्रेस ने टिकट बंटवारे में राष्ट्रीय समीकरणों को महत्व दिया है। राज्यसभा जाने की दावेदारी कर रहे दर्जन भर से अधिक स्थानीय नेताओं में किसी को मौका नहीं मिला है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को पहले ही स्पष्ट हो चुका था कि किसी स्थानीय नेता को इस चुनाव में शायद ही मौका मिले। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम शनिवार को अकेले ही दिल्ली गए थे। वहां केंद्रीय नेतृत्व के सामने अपनी बात रखी। मोहन मरकाम उस बैठक के बाद रविवार को रायपुर लौट आए। वे अपने साथ कोरा बी. फॉर्म अथवा टिकट लाए हैं। इसमें घोषित उम्मीदवारों का नाम भरकर नामांकन पत्र के साथ रिटर्निंग अफसर को दिया जाना। मोहन मरकाम के लौटने के काफी देर बाद पार्टी महासचिव और केंद्रीय चुनाव समिति के प्रभारी मुकुल वासनिक ने सात राज्यों के लिए 10 पार्टी उम्मीदवारों की सूची जारी की।

### कांग्रेस के पुराने रणनीतिकार हैं राजीव

मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कानपुर के राजीव शुक्ला 63 साल के हैं। पत्रकारिता से कॅरियर की शुरुआत कर वे, राजनीति और क्रिकेट प्रशासन में सक्रिय रहे हैं। साल 2000 में उन्हें पहली बार महाराष्ट्र से राज्यसभा भेजा गया था। 2003 में उनके राजनीतिक दल अखिल भारतीय लोकतांत्रिक कांग्रेस पार्टी का कांग्रेस में विलय हो गया। उसके बाद वे कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता रहे। वे तीन बार महाराष्ट्र से ही राज्यसभा जा चुके हैं। वे इंडियन प्रीमियर लीग के अध्यक्ष रहे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के उपाध्यक्ष रहे। हॉकी इंडिया लीग की गवर्निंग बॉडी में शामिल हैं। वहीं उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के ऑनरेरी सचिव भी हैं।

# रायपुर में IAS-IPS और जज के घर चोरी

## AC के कॉपर पाइप ले गया पड़ोस का भिखारी

### बोला-कबाड़ में अच्छे दाम मिलते थे





**रायपुर।** रायपुर की सबसे सुरक्षित और पॉश ऑफिसर्स कॉलोनी में प्रदेश के बड़े अधिकारियों के घर चोरी हो गई। चोर इन अफसरों के घर के भीतर नहीं गया। बाहर लगे एसी के कॉपर पाइप को काटकर साथ ले गया। चोरी का खुलासा भी तब हुआ जब एसी काम करना बंद कर चुका था। तेज गर्मी की वजह से परेशान अफसरों का पारा तब और बढ़ गया, जब कॉलोनी में पुलिस की सिक्योरिटी के बावजूद ये कांड हो गया। हालांकि यहां चोरी करने वाले को पुलिस ने कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। इस वारदात का चोर भी बड़ा दिलचस्प है।

सूत्रों के मुताबिक चोरी IAS, IPS, और एक जज के घर हुई है। हालांकि इनके नाम सामने नहीं आए हैं। संडे की सुबह जब इन अफसरों के घरों का एसी बिगड़ा तो मामला उजागर हुआ। रिपेयरिंग करने वाले को बुलवाया गया।

